# 10 काम बताने वाले शब्द

## (क्रिया) Verb

कोयल कूके, मुन्नी गाए, गुड़िया देखो दौड़ लगाए।
पापा रोज़ सैर हैं करते, मम्मी बोलें हँसते-हँसते।
करते रहते सब कुछ काम, काम ही है क्रिया यह जान।

हम सब कुछ न कुछ काम करते रहते हैं; जैसे—खाना, सोना, हँसना, रोना, उठना, बैठना, चलना-फिरना, पढ़ना, खेलना आदि।

**काम बताने वाले शब्दों को क्रिया कहते हैं।**

नीचे दिए गए चित्रों में हो रहे कामों को देखो और समझो—


नाचना


बोलना


लिखना


उड़ना


हँसना


खेलना


झूलना


रोना


नहाना

**यह भी जानो**

कुछ काम हम करते हैं, पर कुछ काम अपने-आप हो जाते हैं; जैसे— दिन निकलना, रात होना, बारिश होना, हवा चलना आदि।

**हमने क्या जाना**

वे शब्द, जिनसे काम के करने या होने का पता चलता है, क्रिया कहलाते हैं।

# अभ्यास

**देखें, क्या जाना**

1. चित्र देखकर सही काम पर ◯ लगाओ— *(Decision Making)*



खाना, पीना, सोना



पीना, गाना, बजाना




चलना, दौड़ना, कूदना



बोलना, चलना, पढ़ना

2. चित्र देखकर खाली स्थान भरो— *(Decision Making)*



क. राघव सेब ......तोड़...... रहा है। (तोड़, मोड़)

ख. पिंकी ......दौड़...... रही है। (सो, दौड़)

ग. रमा रस्सी ......कूद...... रही है। (चल, कूद)

घ. पंछी ......उड़...... रहा है। (उड़, बैठा)

ङ बादल ......बरस...... रहे हैं। (बरस, गरज)

3. **पूरे दिन आप बहुत-से काम करते हो। कोई पाँच काम लिखो—**

......खाना...... ......दौड़ना...... ......चलना......

......पढ़ना...... ......नाचना......

**अध्यापकों से—**

अध्यापक बच्चों को विभिन्न बालकथाओं की कार्टून फिल्में दिखाकर उनमें होने वाली क्रियाओं के बारे पूछें और भिन्न-भिन्न क्रियाओं को अभिनय द्वारा समझाएँ; जैसे— हँसना, सोना, खाना आदि।